कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।

पत्रांक 2885 /33—1/दिनांक, हमीरपुर, जून 16 ,2022.

सेवा में,

अधिशाषी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण)
महोबा उ0प्र0।

विषयः—पत्यौरा डांडा ग्राम पेयजल योजना के राष्ट्रीय राज्य मार्ग राजकीय मार्ग में संरक्षित वन भूमि पर पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में प्रस्ताव संख्या—FP/UP/Water/152706/2022

सन्दर्भः—इस कार्यालय का पृष्ठांकन संख्या—2855/33—1/दिनांक 13.06.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र जो कि वन संरक्षक, महोदय चित्रकूटधाम वृत्त उ0प्र0 बॉदा को सम्बोधित एवं आपको पृष्ठांकित किया गया था, का अवलोकन करने का कष्ट करें।

दिनांक 15.06.2022 को वन संरक्षक महोदय की प्रति सहित प्रस्ताव की 5 प्रतियॉ हार्ड कापी में आपके प्रतिनिधि को प्राप्त कराकर प्रस्ताव वन संरक्षक महोदय बॉदा को ऑन लाइन प्रेषित कर दिया गया। परन्तु आज दिनांक 16.06.2022 तक प्रस्ताव की हार्ड कापी अभी तक वन संरक्षक महोदय बॉदा को आपके प्रतिनिधि द्वारा उपलब्ध नही करायी गयी है। इस कारण वन संरक्षक महोदय बॉदा द्वारा ऑन लाइन प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी के स्तर पर वापस कर दिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने प्रतिनिधि को निर्देशित करने का कष्ट करे कि प्रस्ताव की हार्ड कापी तत्काल वन संरक्षक महोदय बॉदा को उपलब्ध कराकर इस कार्यालय को अवगत करायें ताकि ऑन लाइन प्रस्ताव इस स्तर से वन संरक्षक महोदय बॉदा को अग्रेसित किया जा सके। प्रस्ताव की हार्ड कापी वन संरक्षक महोदय बॉदा को उपलब्ध न कराये जाने के कारण ऑन लाइन प्रस्ताव आपको वापस किया जा रहा है।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर

पृष्ठांकन संख्या............................/अ/समदिनांकित।

प्रतिलिपि—वन संरक्षक महोदय चित्रकूटधाम वृत्त उ0प्र0 बॉदा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
हमीरपुर वन प्रभाग, हमीरपुर।